दिनांक 29 अगस्त 2021

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

अवैध गुमटी पर फिर हुई कार्रवाई , भिलाई निगम ने हुडको क्षेत्र से हटाई गुमटी

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत हुडको क्षेत्र में अवैध गुमटी पर कार्रवाई की गई! एमआइजी 2/225 के पास मुख्य मार्ग पर अवैध कब्जा करते हुए चिकन चिल्ली का व्यवसाय करने वाले व्यवसायियों को किराए से गुमटी लगाने देने की शिकायत मोहल्ले वासियों ने की थी! शिकायतकर्ता का कहना था कि गुमटी लगाकर मांस मटन के विक्रय के लिए गुमटी खोलने की कोशिश की जा रही है! जिससे शराबी लोगों का आना-जाना एवं जमवाड़ा लगने की संभावना बढ़ जाएगी, और रहवासियों के लिए यह सिरदर्द साबित होगा, जबकि मोहल्ला बहुत ही शांत है! इन्हीं सब कारणों से अवैध कब्जे को स्थानीय रहवासियों के इच्छा के अनुरूप बेदखल करने की करवाई की जाए! शिकायत कर्ताओं ने यह भी बताया कि अवैध कब्जा धारी बाहर से आकर अवैध गुमटी का निर्माण कर रहे हैं! इस पर संज्ञान लेते हुए निगमायुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर नेहरू नगर के जोन आयुक्त मनीष गायकवाड ने विशेष दस्ता एवं तोड़फोड़ दस्ता तथा राजस्व की टीम को शिकायतकर्ता के द्वारा बताए गए स्थल पर कार्यवाही करने के लिए टीम को रवाना किया! संयुक्त टीम ने गुमटी को हटाने के साथ ही अवैध कब्जा धारी द्वारा सीमेंट एवं पत्थर से तैयार किए गए स्ट्रक्चर को भी ध्वस्त कर दिया! तोड़फोड़ की इस कार्यवाही में विशेष दस्ता के बालकृष्ण नायडू , सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे , तोड़फोड़ दस्ता के धीरज साहू एवं अन्य कर्मचारी मौजूद थे!

जनसंपर्क अधिकारी